जहां वित्त मंत्रालय, अर्थकार्य विभाग नई दिल्ली, द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र एककों या केन्द्रीय अथवा राज्य सरकारों के विभागीय प्रकमों के नाम में प्रदान किए गए विदेशी मुद्रा की निकासी प्राप्त करने के बाद प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा जारी किए गए अनुमोदन के आधार पर लाइसेंस जारी किया जाता है।

'सी' सिग्मेंट—(एन एस आई सी के लिए—शून्य)

'डी' सिग्मेंट (10 लाख पौंड आई एफ सी आई सिग्मेंट)

जहां आई एफ सी आई द्वारा प्रदान की गई विदेशी मुद्रा की निकासी के आधार पर विकास परियोजनाओं को आई एफ सी आई द्वारा वित्तयुक्त किया गया लाइसेंस जारी किया जाता है।

'ई' सिग्मेंट–(10 लाख पौंड आई सी आई सी आई सिग्मेंट)

जहां आई सी आई सी आई द्वारा प्रदान की गई विदेशी मुद्रा की निकासी के आधार पर विकास परियोजनाओं को आई सी आई सी आई द्वारा वित्तयुक्त किया गया लाइसेंस जारी किया जाता है ।

2. आयात लाइसेंस की पावती के 15 दिनों के भीतर ही आयातक को चाहिए कि वह आयात लाइसेंस की एक फोटोस्टेट प्रति आर्थिक कार्य विभाग (डब्ल्यू ई–2 अनुभाग) को भेजे । इसकी एक प्रति वित्त मंत्रालय सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रण, आर्थिक कार्य विभाग जीवन दीप बिल्डिंग, 10 पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को भी भेजी जानी चाहिए ।

3. (क) **परिचय प्रत्यय** .—यू० के० /पूंजी निवेश ऋण, 1974 के अन्तर्गत प्रत्येक नियतन में परिचय प्रत्यय सी आई एल प्रतीक होगा जिसमें ऋण का संकेत होगा और उसमें एक पत्र लगा रहेगा जो ऋण के सिग्मेंट को प्रदर्शित करेगा (निजी क्षेत्र सिग्मेंट के लिए 'ए' सार्वजनिक क्षेत्र सिग्मेंट के लिए 'बी' आई एफ सी आई सिग्मेंट के लिए 'डी' और 'आई सी आई सी आई सिग्मेंट के लिए 'ई') जिस वर्ष में नियतन किया जाता है उसका संकेत करते हुए संख्या दी जाएगी : और उसमें नियतन संख्या होगी, उदाहरण के लिए ,

सी आई एल/ए/73/14 (जी ओ आई)

अर्थात ऋण/सिग्मेंट/वर्ष/नियतन की क्रम संख्या ।

(ख) यू० के० सरकार की पूर्व अनुमति के लिए गए नियतन के मामले में या आई एफ सी आई तथा आई सी आई सी आई के मामले में प्रतीक जी ओ आई परिचय प्रत्यय में नहीं रहेंगा ।

(ग) **एक नियतन–बहुविध लाईसेंस**.—चूंकि प्रदान किए गए नियतन के मद्दे एक से अधिक लाईसेंस हो सकता है, आयात लाईसेंस जारी करते समय लाईसेंस प्राधिकारी यह सुनिश्चय करेंगे कि नियतन से सम्बन्धित प्रत्येक में एक और परिचय चिन्ह होगा उदाहरण के लिए,

(1) सी आई एल/ए/ 73 (जी ओ आई)/ 1
अर्थात् ऋण /सिग्मेंट/वर्ष/नियतन की क्रम संख्या —लाईसेंस की क्रम संख्या :

(2) सी आई एल /ए /73/14 (जी ओ ई आई)/ 2.

(घ) **एक लाईसेंस बहुविधि संविदाएं**.—चूंकि एक आयात लाइसेंस के मद्दे एक से अधिक खरीद आदेश/संविदा हो सकती है, लाइसेंसधारी की यह जिम्मेदारी हो जाती है कि वह यह सुनिश्चय करें कि आयात लाइसेंस के अन्तर्गत प्रत्येक आदेश में एक और परिचय चिह्न (1), (2) आदि दिया जाता है, यानी

(1) प्रथम लाइसेंस के मद्दे : सी आई एल /ए /73/14 (जी ओ आई) /1 (1) अर्थात् ऋण सिग्मेंट/वर्ष/नियतन की क्रम संख्या /नियतन के मद्दे आयात लाइसेंस की क्रम संख्या (आयात लाइसेंस के मद्दे आदेश की संख्या) :

सी आई एल /ए/73/14 (जी ओ आई) /1(2) आदि आदि,

(2) द्वितीय लाइसेंस के मद्दे : इसी तरह, इस नियतन के मद्दे द्वितीय लाइसेंस के मद्दे आदेश के लिए :—

सी आई एल/ ए/73/14 (जी ओ आई)/2 (1)

सी आई एल /ए/73/14 (जी ओ आई)/2/(2) आदि आदि ।

टिप्पणी.—इस खंड में संकेतित परिचय लाइसेंस प्राधिकारी एवं लाइसेंसधारी को क्रियाविधि समझने के लिए केवल एक उदाहरण है। आयात लाइसेंस जारी करते समय उस पर लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा संकेतित किए जाने वाले विशेष व्यक्तिगत आबंटन के सम्बन्ध में वास्तविक परिचय प्रत्यय आर्थिक कार्य विभाग द्वारा संकेतित किए जाएंगे ।

4. **भुगतान की विधि** : साख पत्र की स्थापना कर सामान्य बैंकिंग सूत्रों के माध्यम से संभरकों को भुगतान की व्यवस्था की जा सकती है, लेकिन नीचे के खण्ड–4 में दिए गए ब्यौरे के अनुसार इस प्रकार के आदेश दिए जाने के लिए एक विशेष प्राधिकरण सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक वित्त मंत्रालय, अर्थकार्य विभाग, जीवन दीप बिल्डिंग 10, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली से प्राप्त कर लिया जाना चाहिए । भारतीय अभिकर्त्ता के किसी कमीशन के लिए भुगतान भारत स्थित अभिकर्त्ता को भारतीय रुपये में किया जाना चाहिए । लेकिन, इस प्रकार के भुगतान लाइसेंस मूल्य के अंश होंगे और ये, इसलिए, लाइसेंस के लिए लिये जाएंगे ।

5. **वैध अवधि.**—लाइसेंस 12 महीने की प्रारम्भिक वैध अवधि के लिए जारी किया जाएगा । पक्के आदेश लागत बीमा भाड़ा या लागत भाड़ा के आधार पर आयात लाइसेंस जारी होने के चार माह की अवधि के भीतर अवश्य दे दिया जाना चाहिए, । यदि आदेश वैध कारणों से प्रथम चार महीनों के भीतर नहीं दिए जा सकते लाइसेंस को लाइसेंस प्राधिकारी के पास चार माह की अवधि के भीतर या उसके तत्काल बाद जमा कर देना चाहिए । इस कारण का उल्लेख कर देना चाहिए कि आदेश देने में देर क्यों हुई और यह भी संकेत कर देना चाहिए कि अगला आदेश किस तारीख तक दिया जा सकता है और आदेश देने के लिए जैसी अवधि वृद्धि जरूरी हो, उसे भी बता देना चाहिए । जहां जरूरत होगी, इस प्रकार के आवेदन पत्रों पर मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात द्वारा वित्त मंत्रालय, (अर्थकार्य विभाग) के साथ परामर्श करके पात्रता के आधार पर विचार किया जाएगा ।

टिप्पणी.—केवल इसी प्रकार की संविदाएं जो 31–7–73 को या इसके बाद एवं 30–9–76 से पूर्व की गई है इस ऋण के अन्तर्गत वित्तदान के लिए योग्य है ।

6. **आदेश दिया जाना.**— इसे नोट कर लेना चाहिए कि जब तक 4 माह के भीतर आदेश देने का काम पूरा नहीं कर लिया गया हो या लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत बढ़ाई गई अवधि और विशेष प्राधिकरण (उपर्युक्त कण्डिका 4 में संकेत किए गए के अनुसार) प्राप्त नहीं कर लिया जाता, तब तक विदेशी मुद्रा देने में प्राधिकृत व्यापारी साख-पत्र की स्थापना करने की स्वीकृति नहीं देंगे ।

7 **आदेश देने के आधार.**—आदेश नकद के आधार पर दिए जाने चाहिए । और सभी भुगतान लाइसेंस की समाप्ति के एक माह के भीतर पूरे किए जाने चाहिए । अकेले भुगतान की व्यवस्था माल के पोतलदान हो जाने पर अवश्य की जानी चाहिए किसी भी प्रकार की साख सुविधा नहीं दी जाएगी ।

2 **आदेश संविदाओं में शामिल की जाने वाली या अन्यथा रूप से ध्यान में रखी जाने वाली विशेष बातें** : 1. जब पक्के आदेश/संविदा दी जा रही हो जो कि यू०के० संभरकों को ही दी जानी चाहिए (जिसकी अभिव्यक्ति में चेनल आफ आइलैंड तथा आइल मैन भी शमिल है), लाइसेंसधारी को उसमें दी गई एक व्यवस्था द्वारा यह सुनिश्चय कर लेना चाहिए कि खरीदे गए माल पूर्णतया या प्रधानतया यू० के० में उत्पादित अथवा निर्मित हैं या होंगे। जब इस प्रकार के माल खरीदने से संबंधित सेवाओं की भी व्यवस्था की जाती है, तो उसमें निहित उपयुक्त व्यवस्था द्वारा इसी प्रकार यह भी सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि ऐसे काम तथा सेवाएं साधारणतया यू०के० निवासी अथवा जो वहां व्यापार कर रहा है, उसके द्वारा प्रदान की जाती है अथवा की जाएंगी।

2. **यू०के० वस्तु का सुनिश्चय करने की आयातकों की जिम्मेदारी**—(1) यू० के०/भारत पूंजी निवेश ऋण 1974 के अन्तर्गत आयात लाइसेंस सामान्यतया केवल यू० के० में प्राप्त एवं उत्पादित अथवा विनिर्मित सामान और/अथवा माल के लिए वैध होंगे/विशेष मामलों में संविदा के जहाज पर निशुल्क मूल्य के 20 की सीमा तक के गैर-यू० के० तत्व को यू० के० /भारत पूंजीनिवेश ऋण 1974 के अन्तर्गत वित्तदान के लिए स्वीकार किया जा सकता है ।

(2) भारतीय आयातक को उस के स्वयं के हित के लिए परामर्श दिया जायगा कि वह पहले से ही यू० के० संभरकों से इस बात का सुनिश्चय कर ले कि क्या प्रस्तावित आयातों में किसी प्रकार का यू० के० तत्व है और यदि है, तो उसकी प्रतिशता क्या है। इससे विशेष रूप से जाने बिना किसी भी हालत में यू० के० संभरकों के साथ पक्के वायदे अथवा संविदा नहीं करनी चाहिए।

(3) जब इस पत्रकार की पूछ-ताछ करने पर यह पता लग जाता है कि आयात किए जाने वाले प्रस्तावित माल में गैर यू० के० तत्व है तो उसे वित्त मंत्रालय आर्थिक कार्य विभाग, डब्ल्यू ई 2 अनुभाग नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को इस बात की पुष्टि के लिए अवश्य ही अवगत करवाना चाहिए कि क्या आयातक को भावी यू०के० संभरक के साथ अपने आदेश/संविदा पूर्ण करने पर आगे कार्य करना चाहिए या नहीं।

3. नीचे के खंड 3 और 5 में उल्लिखित प्रलेखन आवश्यकताओं को तथा नीचे के खंड 4 में निर्धारित भुगतान की प्रक्रिया को ध्यान में रखा जाना चाहिए तथा संविदा में उचित रूप से सम्मिलित किया जाना चाहिए।

3. **संविदा की अधिसूचना तथा तत्संबंधी संशोधन.**

1. आदेश देने के 15 दिनों के भीतर लाइसेंसधारी को चाहिए कि संविदा अथवा संविदा अधिसूचना की तीन प्रतियां (संलग्न अनुबन्ध 1 के रूप में) संभरक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित संविदा प्रमाण-पत्र (संलग्न अनुबन्ध 2 अथवा 2 (बी) के रूप में, जो भी उपयुक्त हो) की दो प्रतियों के साथ सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय, अर्थकार्य विभाग, जीवन दीप बिल्डिंग 10 पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को भेजें।

2. वित्त मंत्रालय को उपर्युक्त प्रलेखों को भेजते समय लाइसेंसधारी द्वारा यह सुनिश्चय कर लेना चाहिए कि दस्तावेजों में आयात लाइसेंस की संख्या तथा तारीख और ऋण का नाम भली-भांति

लिख दिया गया है । लाइसेंसधारी को आयात लाइसेंस के मद्दे प्रत्येक संविदा में परिचय प्रत्यय अवश्य दे देना चाहिए ।

उदाहरण के लिए.—यदि आयात लाइसेंस का परिचय प्रत्यय सी आई एल/ए/73/14 (जी ओ आई–1 है, तो इस लाइसेंस के अन्तर्गत पहली संविदा के लिए परिचय प्रत्यय सी आई एल/ए/73/14 (जी ओ आई)–1(1) होना चाहिए, इस लाइसेंस के मद्दे दूसरी संविदा के लिए सी आई एल/ए/73/14 (जी ओ आई)–1 (2) आदि होना चाहिए तथा जब लाइसेंसधारी वित्त मंत्रालय को संविदाएं अग्रसारित कर रहा हो तो तत्संबंधी अद्यतन लाइसेंस के अन्तर्गत दी गई संविदाओं की संख्या के तत्संबंधी ब्यौरे अवश्य दिए जाने चाहिए । इन ब्यौरे की शुद्धता के लिए आयातक ही एक मात्र रूप से जिम्मेदार होगा ।

3. किसी समय संविदा में संशोधन किया जाता है या संविदा प्रमाण–पत्र में उल्लिखित धनराशि से ज्यादा धनराशि के लिए उसके अन्तर्गत यदि कोई जिम्मेदारी निहित की जाती है, तो लाइसेंसधारी को चाहिए कि वह तत्संबंधी अनुपूरक या संशोधित प्रलेखों को संविदा के लिए संशोधित प्रतियों को तथा संशोधित 'संविदा–प्राण–पत्र' को वित्त मंत्रालय को भेज दे ताकि वे इसको सूचना यू०के० सरकार को दे सकें ।

4. किसी मामले में, यू० के० संभरक के भारतीय अभिकर्त्ता के साथ संविदा की जाती है, तो उस यू०के० संभरक के नाम का संकेत होना चाहिए जिसको संविदा के उस स्टर्लिंग अंश के लिए भुगतान किया जाना है जो केवल इस ऋण के अन्तर्गत भुगतान के योग्य होगा । ऊपर निर्धारित किए गए के अनुसार इस प्रकार की प्रतियों को (या उन संविदाओं की प्रतियां जो यू०के० संभरकों के साथ भारतीय अभिकर्त्ताओं द्वारा की गई हैं, यदि इस प्रकार की पृथक संविदाएं हैं) भेज दिया जाना चाहिए ।

4. यू० के० संभरकों को भुगतान साख पत्र की प्रक्रिया :

1. लाइसेंसधारी को चाहिए कि वह यू०के० संभरकों के नाम में यू० के० से सम्बद्ध बैंकों में से किसी भी एक बैंक में भारत में किसी मुद्रा विनिमय करने वाले बैंक में साख-पत्र खोलने के लिए प्राधिकरण पत्र हेतु सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक (आर्थिक सहायता लेखा शाखा), अर्थ-कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, जीवन दीप बिल्डिंग, 10, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को आवेदन करे ।

2. (1) प्राधिकरण–पत्र के लिए आवेदन अनुबन्ध 3 में दिए गए रूप में किया जाना चाहिए और उसके साथ पक्के आदेश की तथा यू०के० संभरक द्वारा पूर्ण किए गए संविदा प्रमाण पत्र की एक प्रति होनी चाहिए । पत्र अनुबन्ध 2 या अनुबन्ध 2 (बी) (जो भी उचित हो) में निर्धारित किए प्रपत्र में होना चाहिए और आयात लाइसेंस अथवा उसकी फोटो प्रति विनिमय दर के सत्यापन के लिए दी जानी चाहिए ।

(2) यदि पहले से ही जारी किए गए प्राधिकरण पत्र को आयात लाइसेंस के मूल्य में वृद्धि हो जाने के कारण संशोधित किया जाना है, तो आयातक के ऐसे आवेदन पत्र के साथ आयात लाइसेंस अथवा उसकी फोटो प्रति दी जानी चाहिए जिसमें आयात लाइसेंस के मूल्य में बढ़ाई गई धनराशि के लिए लागू होने वाली विनिमय की दर को दर्शाया जाए ।

3. यदि आवेदन–पत्र सही पाया जाता है तो वित्त मंत्रालय, अर्थकार्य विभाग आयातक और सम्बद्ध भारतीय मुद्रा विनिमय प्राधिकृत बैंक को अपेक्षित धनराशि के लिए प्राधिकरण पत्र जारी

करेगा । वित्त मंत्रालय के प्राधिकरण पत्र में भी खरीद आदेश अर्थात सी आई एल/ए/73/14 (जी ओ आई)-1 (1) के परिचय प्रत्यय आदि का उल्लेख होगा । परिचय प्रत्यय के स्थापित किए जाने वाले साख-पत्र में तथा साख-पत्र के अन्तर्गत भेजे जाने वाले सभी प्रलेखों में भी संकेत होना चाहिए । वित्त-मंत्रालय सम्बद्ध यू०के० बैंक को भी परामर्श देगा । लेकिन, यू०के० बैंक को दिया गया परामर्श सम्बद्ध भारतीय मुद्रा विनिमय बैंक को उनके प्राधिकरण की प्रति के साथ भेजा जायगा उन्हें साख-पत्र खोलते समय यू० के० बैंक को संप्रेषित करना चाहिए ।

4. प्राधिकरण (वित्त मंत्रालय को अवगत कराते हुए) के जारी होने की तारीख से एक माह के भीतर साख पत्र खोल दिया जाना चाहिए ऐसा नहीं करने की स्थिति में प्राधिकरण पत्र समाप्त हो जाएगा । साख पत्र में उन शर्तों का उल्लेख होना चाहिए जिसके अधीन लाईसेंस दिया गया है नीचे के खंड 5 में उल्लिखित सभी प्रलेखों के प्रस्तुतीकरण के बाद संभरकों को भुगतान के लिए व्यवस्था होनी चाहिए । भुगतान के बाद प्रलेखों के प्रेषण करने से संबंधित अनुदेशों को पूरी तरह समाविष्ट करना चाहिए और इसे शर्त के अधीन खोला जाना चाहिए कि यू० के० में सम्बद्ध बैंक लाभ प्राप्त कर्त्ताओं को प्रारंभिक रूप में उनकी अपनी निधि से भुगतान करने के बाद उसकी प्रतिपूर्ति भारत के उस बैंक से प्राप्त करेगा जिसमें साख-पत्र की स्थापना की गई थी । साख पत्र खोलने के संबंध में भारतीय मुद्रा विनिमय बैंक के अनुदेशों को वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए प्राधिकरण के पूर्ण रूपेण अनुरूप होना चाहिए । किसी भी प्रकार का अन्तर नहीं होना चाहिए ।

5. साख-पत्र में स्पष्टरूप से ऋण शीर्षक, नियतन संख्या और अन्य विवरण जैसे दिए गए नियतन के अन्तर्गत संविदा लाइसेंस की क्रम संख्या और साख-पत्र में यथा संकेतित आयात-लाइसेंस आदि से संबंधित संविदा की क्रम संख्या को चिह्नित किया जाना चाहिए ।

5. प्रलेखन :

1. यह देखने की जिम्मेदारी आयातक की है कि यू० के० संभरक भेजे गए माल के लिए भुगतान की मांग करते समय यू० के० बैंक के लिए नीचे उल्लिखित प्रलेखों को पूरा करता है और प्रस्तुत करता है :—

(1) चार फोटो प्रतियां या अन्य किसी विधि से तैयार की गई प्रतियों के साथ मूल बीजक । (बीजक में आयातक का नाम और पता, संभरित की गई प्रत्येक मद की मात्रा और विस्तृत विवरण, सभी व्यापार छूटों) को प्रतिबिम्बित करते हुए प्रत्येक मद के लिए विक्रय कीमत, वितरण का आधार (लागत भाड़ा या लागत बीमा भाड़ा) और किसी प्रकार की आनुषंगिक सेवाएं—जिसमें वितरण या नौवहन या परिवहन बीमा सेवाएं शामिल हैं उसकी स्टालंग लागत को दिखाना चाहिए) ।

(2) महासागर या चार्टर लदान-पत्र की एक प्रति (या फोटोस्टेट) या वायुमार्ग बिल या डाक पारसल रसीद (लदान पत्र वाहक के खर्चों का विवरण निर्दिष्ट करेगा चाहे इन खर्चों का भुगतान किसी भी मुद्रा में किया गया हो) ।

(3) अनुबन्ध 5 में दिए गए प्रपत्र में भुगतान प्रमाण-पत्र की चार प्रतियां [ऐसी संविदाओं के संबंध में इनकी आवश्यकता नहीं जिनके लिए अनुबन्ध 2 (बी) में दिए गए प्रपत्र में एक संविदा प्रमाण-पत्र (रासायनिक)की पूर्ति की गई है] । इस उद्देश्य के लिए, संभरक द्वारा भुगतान प्राप्त करते समय भरने के लिए, निर्धारित प्रपत्र में भुगतान प्रमाण पत्र के पांच खाली प्रपत्र साख-पत्र के साथ संलग्न करने चाहिए ।

(4) अनुबन्ध 2 या अनुबन्ध 2(बी) में निर्धारित संविदा प्रमाण–पत्र की तीन प्रतियां ।

प्रत्येक प्रलेख में ऋण शीर्षक, परिचय प्रत्यय, आयात लाइसेंस के ब्यौरे तथा वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए साख प्राधिकरण-पत्र के विवरण को अवश्य प्रदर्शित करना चाहिए ।

2, जब साख पत्र खोला जा रहा हो, तो भारत के प्राधिकृत विदेशी मुद्रा विनियम बैंक आयातक की ओर से इस बात का सुनिश्चिय करने के लिए प्रलेखन की उपर्युक्त जरूरतों को नोट कर लिया गया है तथा यू० के० संभरकों द्वारा इसका अनुपालन किया गया है, साख पत्र में आवश्यक शर्तों को शामिल करने पर ध्यान देगा ।

3. संभरक को भुगतान किए जाने के बाद यू० के० का संबंधित बैंक भारतीय सम्बद्ध बैंक को प्रलेखों का मूल परक्राम्य सेट को वायु मार्ग से भेजेगा । भारतीय बैंक बैंक प्रभारों के साथ इसके द्वारा यू० के० संभरकों को किए गए भुगतान को परेषण द्वारा यू० के० बैंक को प्रतिपूर्ति करेगा । भारतीय बैंक द्वारा आयातकों से इस प्रकार की विदेशी मुद्रा परेषणों की तत्संबंधी समतुल्य रुपये में वसूली दोनों के बीच हुई सहमति मे तय की गई व्यवस्थाओं के अनुसार की जायगी । यू० के० बैंक भी पूर्ण किए गए भुगतान प्रमाण-पत्र की एक अपरक्राम्य प्रति सहायता लेखा एवं लेख परीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय, अर्थ कार्य विभाग, जीवन दीप बिल्डिंग, 10 पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को भेजेगा ।

6. यू० के० ऋण के अन्तर्गत प्रति पूर्ती प्राप्ति के लिए भारत सरकार को सक्षम बनाने में भारतीय बैंक की जिम्मेदारी :

बैंक प्रभारों के साथ इसके द्वारा यू०के० संभरकों को स्टर्लिंग भुगतानों के यू० के० बैंक में प्रतिपूर्ति करने के बाद भारतीय बैंक को चाहिए कि वह 10 दिनों के भीतर आवश्यक प्रलेखों को सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय, अर्थकार्य विभाग, जीवन दीप बिल्डिंग, 10, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को भेजे ताकि भारत सरकार यू० के० ऋण के अन्तर्गत आवश्यक प्रतिपूर्ति प्राप्त करने में सक्षम हो सके । भेजे जाने वाले प्रलेख ये हैं :—

1. यू० के० संभरक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित अनुबन्ध-2 या अनुबन्ध–2 (बी) (जैसा उचित हो) के रूप में **संविदा-प्रमाण-पत्र** तथा संबंधित साख पत्र की एक प्रति ।

2. यू० के० के संभरक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित अनुबन्ध-1 में दिए गए के अनुसार **भुगतान-प्रमाण-पत्र** ।

3, खंड 5 में उल्लेख किए गए के अनुसार बीजक तथा लदान बिल/जहां संविदा के अन्तर्गत यू० के० संभरक को एक से अधिक भुगतान किया जाना है, संविदा प्रमाण-पत्र तथा, साख पत्र की एक प्रति भेजने की आवश्यकता केवल प्रथम भुगतान के लिए है तथा आगामी भुगतानों में केवल भुगतान प्रमाणपत्र भेजने की आवश्यकता है और बीजकों को वित्त मंत्रालय को भेजने की आवश्यकता है, परिचय प्रत्यय को संबंधित संविदा प्रमाण पत्र तथा साख पत्र में उद्धृत किया जाना चाहिए ।

7. **आयात लाईसेंस के उपयोग किए जाने के संबंध में रिपोर्ट :**

अनुबन्ध 5 में यथा संलग्न अनुबन्ध में, लाइसेंस के उपयोग किए जाने की स्थितियों को प्रदर्शित करते हुये एक रिपोर्ट प्रत्येक माह की 7 तारीख को या इससे पहले इनको भेजनी चाहिए:—

(1) सहायता लेखा नियंत्रक, (सहायता लेखा शाखा), वित्त मंत्रालय, अर्थकार्य विभाग, जीवन दीप बिल्डिंग, 10, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली ।

(2) अनुभाग अधिकारी-डब्ल्यू ई-2, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नार्थ ब्लाक, सेक्रेटेरिएट, नई दिल्ली ।

जहां पर विदेशी मुद्रा की रिहाई आई एफ सी आई और आई सी आई सी आई द्वारा कर दी गई हो तो रिपोर्ट तत्संबंधी सम्बद्ध संगठनों को भेजी जानी चाहिये ।

8. **विविध**

1. **विशेष शर्तों के अधिसूचित किये जाने वाले संभरक.**—आयात लाइसेंस में ऐसी कोई विशेष शर्त हो जो कि संभरक पर सौदे के पालन करने में प्रभाव डाले, लाइसेंसधारी को चाहिए कि वह संभरक को इससे अवगत करा दे ।

2. **यू० के० संभरकों से धन वापसी.**—यदि संभरक, पोत वणिक तथा बीमाकर्त्ता से लाइसेंसधारी द्वारा किसी प्रकार की धन वापसी प्राप्त होती है और जैसे ही ये धनराशि प्राप्त की जाती है, तो प्राप्त धनराशि का पूरा विवरण प्रदर्शित करते हुए तत्संबंधी अन्य विवरणों के साथ ऊपर के खंड-6 में दिए गए पते पर वित्त मंत्रालय को भेजना चाहिए ।

3. **विवाद.**—यह जान लेना चाहिए कि लाइसेंसधारी और संभरकों के बीच या किसी प्रकार की जिम्मेदारी जो कि लाइसेंसधारी और संभरकों के बीच हो, यदि उसमें किसी प्रकार का विवाद उठ खड़ा होता है तो भारत सरकार किसी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं लेगी ।

4. **भविष्य के लिए अनुदेश.**—आयात लाइसेंस या इससे संबंधित किसी एक या सभी मामलों पर तथा ऋण करार के अन्तर्गत—सभी प्रकार के आभारों को पूरा करने के संबंध में सरकार द्वारा जारी किए गए निदेशों, आदेशों या अनुदेशों का दुरुस्त पालन करेगा ।

5. **उल्लंघन या अतिक्रमण.**—उपर्युक्त कंडिका में दी गई शर्तों के उल्लंघन या अतिक्रमण करने पर आयात-निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम के अधीन उचित कार्रवाई की जावेगी ।

9. **शीर्षकों के अनुसार अनुबन्धों की सूची**

अनुबन्ध 1	संविदा की अधिसूचना
अनुबन्ध 2	संविदा प्रमाण-पत्र
अनुबन्ध 2(बी)	संविदा प्रमाण-पत्र (सामयिक)
अनुबन्ध 3	साख पत्र प्राधिकरण के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप
अनुबन्ध 4	भुगतान प्रमाण-पत्र
अनुबन्ध 5	आयात लाइसेंस के लिए आदेश देने तथा उसका उपयोग किए जाने के संबंध में रिपोर्ट ।
अनुबन्ध 6	धन वापसी की प्राप्ति के संबंध में रिपोर्ट

अनुबन्ध 1

यू० के०/भारत पूंजी निवेश ऋण, 1974

सेवा में

संविदा की अधिसूचना

काउन एजेन्ट

परिचय प्रत्यय सं०————————

संविदा की अधिसूचना संख्या————————

संविदा के निम्नलिखित ब्यौरे हैं जिसके अन्तर्गत यह प्रस्तावित किया जाता है कि उपर्युक्त ऋण की शर्तों के अनुसार भुगतान किया जायगा :—

1. यू० के० संविदाकर्ता का नाम तथा पता
2. संविदा का दिनांक ।
3. खरीददार का नाम
4. माल का संक्षिप्त ब्यौरा तथा/अथवा कार्य अथवा सेवाएं ।
5. संविदा का मूल्य ।
6. भुगतान की शर्तें

आयात करने वाली फर्म के प्राधिकृत अधिकारी,
के हस्ताक्षर————————

अनुबन्ध 2

यू० के०/भारत पूंजी निवेश ऋण, 1974

संविदा प्रमाण पत्र

संविदा का ब्यौरा

आयात लाइसेंस की संख्या————————परिचय प्रत्यय संख्या————————

1. संविदा की तिथि————————संविदा संख्या————————

3. खरीददार को दिए जाने वाले माल अथवा सेवाओं का विवरण————————

यदि कोई मदों की पूर्ति की जानी है, तो इस प्रमाण पत्र के साथ उसकी एक विस्तृत सूची लगा देनी चाहिए ।

4. क्रेता द्वारा देय कुल संविदा मूल्य (लागत बीमा भाड़ा, लागत तथा भाड़ा या जहाज पर निःशुल्क का उल्लेख कीजिये) ।

पौंड ————————

यदि माल का सम्भरण किया जाना है, तो निम्नलिखित खंडों का अनुपालन करना अनिवार्य है (यदि संविदाकर्ता केवल निर्यातक अभिकर्ता है, तो मांगी हुई सूचना निर्माण कर्ता से प्राप्त करनी चाहिए) ।

5. खरीददार को संभरण किए जाने वाले माल का विवरण	कीमत पौंड	यू० के०/टेरिफ/ट्रेड कोड सं०

6. जो माल यू० के० मूल का नहीं है, परन्तु संविदाकार द्वारा सीधे बाहर से खरीदा गया है तो जहाज पर निःशुल्क मूल्य का अनुमानित प्रतिशत जैसे आयातित कच्चे माल या निर्माण किए गए संघटकों का प्रतिशत :—

(क) प्रतिशत जहाज पर निःशुल्क मूल्य———————————

(ख) मदों का विवरण तथा संक्षिप्त विशिष्टिकरण ———————————

7. यदि विदेश मूल के किसी कच्चे माल या संघटकों का उपयोग किया गया हो, जैसे तांबा, अदह, कपास, लकड़ी लुगदी आदि, परन्तु संविदाकर्ता द्वारा इस संविदा के लिए इनकी खरीद यू० के० में की गई है तो उनका उल्लेख करें :—

(क) प्रतिशत जहाज पर निःशुल्क मूल्य———————————

(ख) मदों का विवरण और संक्षिप्त विशिष्टिकरण———————————

यदि सेवाएं प्रदान की जानी हैं, तो निम्नलिखित खंडों की भी पूर्ति की जानी चाहिए ।

8. नीचे लिखे द्वारा किए गए किसी काम या खरीददार के देश में निष्पादन सेवाओं का अनुमानित मूल्य बताएं :—

(क) आप की फर्म (स्थल, अभियन्ता के खर्चे आदि)———————————

(ख) स्थानीय संविदाकर्ता ———————————

9. उपर्युक्त कंडिका 6, 7 या 8 के सम्बन्ध में जैसा आवश्यक हो, टिप्पणी दें।

10. मैं एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि नीचे लिखे संविदाकर्ता द्वारा मैं यू० के० में नियोजित किया गया हूं और इस प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकार मुझे प्राप्त है । मैं एतद्द्वारा यह जिम्मेदारी लेता हूं कि उपर्युक्त कंडिका 6, 7, 8 और 9 में विशिष्टकृत को छोड़ कर किसी और माल या सेवाओं का जो यू० के० मूल की नहीं है, संविदा के निष्पादन में संभरण नहीं किया गया है ।

हस्ताक्षरित : ———————————

पद जिस पर वह है———————————

संविदाकर्ता का नाम और पता———————————

दिनांक———————————

टिप्पणी:—इस घोषणा के लिये यू० के०, दि चैनल आइलैंड और आइल्ज आफ मैन को शामिल करता है ।

अनुबंध 2 (बी)

य० के०/भारत पूंजी निवेश ऋण, 1974

1. संविदा की तिथि————————संविदा संख्या————————आयात लाइसेंस सं० ————————————दिनांक————————————————।

2. खरीददार को संभरण किए जाने वाले उत्पाद (दों) का विवरण	पौंड मल्य	यू० के० दर सूची वर्गीकरण संख्या	क्या उत्पाद यू० के० मूल्य का है
(टिप्पणी ए)		(टिप्पणी बी)	(टिप्पणी सी देखिये, हां या नहीं लिखिए)

3. खरीददार द्वारा भुगतान की जाने योग्य कुल/अनुमानित/संविदा कीमत स्टर्लिन पौंड में ————————————————————

4. (घोषणा) में एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि नीचे लिखे संविदाकर्ता द्वारा मैं य० के० में नियोजित किया गया हूं और वैद्य प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिये प्राधिकार मुझे प्राप्त है और उपर्युक्त सूचना सही है ।

हस्ताक्षरित————————————————————

पद किस पर है————————————————————

संविदाकर्ता का नाम और पता————————————————

दिनांक . . .

टिप्पणी

ए, इस प्रपत्र का प्रयोग केवल रसायन तथा संबंधित उत्पादों के लिए किया जाना है जिनमें अधिकतर को यू० के० दर सूची के अध्याय 15, 25, 28—35 तथा 37—40 के उपर्युक्त उप- शीर्षकों द्वारा सम्मिलित किया गया है ।

बी० देखिए :—

(1) एच० एम० कस्टम तथा एक्साइज टेरिफ एच० एम० एस० ओ० ।

(2) ब्रेसल्स नामावली एच० एम० एस० ओ० में रसायनों का वर्गीकरण सी० (1) यदि उत्पाद पूर्णतया यू० के० देशी माल से तैयार किया गया है तो वह उत्पाद यू० के० मूल का समझा जाता है अथवा उपर्युक्त ई० एफ० टी० ए० विशेषक विधि के अनुसार पूर्णतया अथवा अंशतः आयातित माल प्रयोग किया जाता है ।

(2) एच० एम० एस० ओ० निर्यातकों के प्रयोग के लिए ई० एफ० टी० ए० विशेषक विधि, ई० एफ० टी० ए० सार-संग्रह के सूचक 1 में बताई गई है ।

(3) प्रस्तुत घोषणा के लिए इस पर बल दिया जाता है कि निकासी प्रतिशत निकास लागू नहीं होता है ।

(4) उपर्युक्त सूचक में जहां कहां शब्द 'क्षेत्र मूल' आते हैं उनका तात्पर्य केवल यू० के० मूल से है ।

(5) प्रस्तुत घोषणा के लिए 'मूल माल की सूची' (ए० एफ० टी० ए० सार-संग्रह का सूचक—3) लागू नहीं होता है ।

(6) यदि विषयाधीन माल के लिए विशेषक विधि सूचीबद्ध नहीं है तो आउन ऐजेन्ट, सी० एस० 4 विभाग 4 मिल एम डब्ल्यू से सलाह ले लेनी चाहिए ।

डी० इस घोषणा के लिए यू० के० चेनल आइलैंड् तथा आइलैंड्स आफ मैन को शामिल करता है ।

अनुबन्ध 3

(साख पत्र प्राधिकरण के लिए आवेदन पत्र का प्रपत्र)

सेवा में

सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक,
(आर्थिक सहायता लेखा शाखा),
वित्त मंत्रालय ,
(अर्थ कार्य विभाग)
जीवन दीपबिल्डिंग, 10, पार्लियामेंट स्ट्रीट,
नई दिल्ली ।

विषय.—यू० के० भारत पूंजी निवेश ऋण, 1974, के अन्तर्गत यू० के० से———का आयात

महोदय,

उपर्युक्त यू० के० ऋण के लिये यू० के० से———आयात करने के संबंध में हम निम्नलिखित विवरण भेजते हैं जिस से आप हमें हमारे बैंकरों के माध्यम से आपके द्वारा मनोनीत यू० के० बैंक में साख पत्र खोलने के लिये प्राधिकरण जारी करने में समर्थ हो सकें :—

1. (क) आयात लाइसेंस का विवरण:—
 (1) पूरी सं० एवं दिनांक
 (2) मूल्य (रुपए)
 (3) लाइसेंस में यथा उल्लिखित विनिमय दर
 (4) तिथि जिस तक वैध है ।
 (ख) लाइसेंस में दिए गए के अनुसार आबंटन संख्या/परिचय प्रत्यय
 (ग) लाइसेंस के अन्तर्गत की गई संविदाओं की संख्या————————
 (घ) उस संविदा की क्रम संख्या जिससे यह आवेदन पत्र संबंधित है ।

2. लाइसेंस का स्टर्लिंग में मूल्य

(यह लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा आयात लाइसेंस में विशिष्टिकृत की गई दर पर 5—6—71 तक और उसके बाद जारी किए गए लाइसेंस के लिये प्रति पौंड 18.963 रु० की दर से परिकलित किया गया ।

3. यू० के संभरक/संभरकों का नाम और पता बताते हुये दिये गये आदेश का स्टर्लिंग मूल्य, जिसके लिये प्राधिकरण की जरूरत है और प्रत्येक संभरक के लिये (दिये गये आदेश और उसके लिये यू० के० संभरक की स्वीकृति की प्रति संलग्न की जानी है) अलग अलग अपेक्षित प्राधिकरण की धनराशी/राशियां। भारतीय अभिकर्ता के कमीशन की यदि कोई धनराशि (एफ० सी० में) हो तो उसका विशेष रूप से संकेत किया जाना चाहिये)।

4. उस भारतीय बैंक का नाम जो साख पत्र खोलेगा।

5. संबद्ध यू० के० बैंक का नाम जिस में साख पत्र संस्थापित किया जाना है।

भवदीय,

(लाइसेंस धारी के हस्ताक्षर तथा पूरा पता)।

अनुबन्ध 4

यू० के०/भारत पूंजी निवेश ऋण, 1974

भुगतान प्रमाण-पत्र

भारतीय आयात लाइसेंस स० —

परिचय प्रत्यय संख्या————————

मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि :

1. नीचे सूचीबध्द किये गये बीजक में उल्लिखित भुगतान वह या उसकी प्रतियां इस भुगतान प्रमाण-पत्र के साथ लगी है, बाकी है या नीचे लिखे गये संविदा कर्ता और ————खरीदार——

————————के बीच संविदा संख्या————तारीख ————— के संबंध में बाकी पूरे किये जाने वाले हैं, और संविदा प्रमाण पत्र के अन्तर्गत अधिसूचित इस संविदा के विवरण के अनुसार है जो तारीख————————को उक्त संविदाकर्ता के नाम पर हस्ताक्षरित है।

संविदा कर्ता के बीजक की संख्या	तारिख धन राशि पो०	माल कार्य और/या सेवाओं का संक्षिप्त विवरण
1	2	3

2. कडिका 1 में जो धन राशियां विशिष्टकृत की गई है वे संविदा प्रमाण पत्र की कंडिका 6,7 अथवा 8 में बताई गई के लिये किसी अतिरिक्त विदेशी वस्तु को शामिल नहीं करती है।

3. नीचे लिखे संविदाकर्ता के नाम पर इस प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने का मुझे अधिकार है।

हस्ताक्षर————————————

पद जिस पर वह है————————————

————————के लिये और नाम पर संविदाकर्ता

का नाम और पता————————————

————————————

तारीख————————————

टिप्पणी.—इस घोषणा के लिये यू० के०, चैनल आफ आइलेंड और आइल्ज आफ मैन को शामिल करता है।

अनुबंध 5

यू० के०/भारत पूंजी निवेश ऋण, 1974 के सम्बन्ध में उपयोग किये जाने वाली रिपोर्ट का प्रपत्र
(प्रत्येक आयात लाइसेंस के सम्बन्ध में अलग से भेजा जाना है)

(जहां एक आयात लाइसेंस के मद्दे एक से अधिक संविदाएं हो तो प्रत्येक संविदा के लिये अलग अलग जानकारी भेजी जानी चाहिये)।

परिचय प्रत्यय———————
(खंड 1 पैरा 2 देखें)

1. आयातक का नाम और पता
2. आयात लाइसेंसों की संख्या, दिनांक और उसका मूल्य
3. उपर्युक्त आयात लाइसेंस के लिये किये गये आदेश का दिनांक और मूल्य
4. जहां आयात लाइसेंस के पूरे मूल्य के लिये आदेश नहीं दिये गये है वहां शेष आदेश देने की अवस्था का संकेत करें।
5. क्या लाइसेंस शर्तों में सम्बद्ध अनुबंध के अनुसार संविदा दस्तावेज सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक अर्थ कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली को भेज दिये गये हैं / भेजे जा रहे हैं, इसका पुष्टिकरण। [कोट किये गये पत्र (पत्रों की संख्या और दिनांक)]
6. यू० के० संभरक (संभरकों) के हक में खोले गये साख पत्र (पत्रों के मूल्य) के ब्यौरे।
7. भुगतान की अवस्था पौंड तथा रु० में ———————————

(ए) यू० के० संभरकों को किए गए वास्तविक भुगतान

1. अप्रैल 1972 से सितम्बर 1973 तक
2. अक्तूबर 1973 से मार्च 1974 तक
3.
4. (और इसी तरह आगे)।

(बी) यू० के० संभरकों को किये जाने वाली भुगतानों का प्राक्कलन

1. अप्रैल 1974 से सितम्बर 1974 तक
2. अक्तूबर 1974 से मार्च 1975 तक

3. अप्रैल 1975 से सितम्बर 1975 तक

4. अक्तूबर 1975 से मार्च 1976 तक (और इसी तरह आगे)

8. आयात लाइसेंस में ऐसे भाग का संकेत करें जो आदेश में शामिल नहीं किया गया और उसे अभ्यर्पण कर दिया गया ।

हस्ताक्षर

अनुबंध–6

यू० के० / भारत निवेश ऋण 1974 के अन्तर्गत यू० के० से आयात के संबंध में संभरक/पोत-वर्णिक/बीमा कर्ता (द्वारा 'अल्पावतरणक्षति इत्यादी के लिये दावे का निपटारा करने के लिये) प्राप्त धन वापसियों के विस्तृत ब्यौरे को दर्शाते हुये एक रिपोर्ट ।

(पौंड स्टर्लिंग में केवल निपटाये गये दावों के लिये)
(निपटाये गये दावों के लिए)

1. आयात करने वाली फर्म का नाम

2. यू० के० साख के ब्यौरे ।

3. आयात लाइसेंस की सं० और दिनांक ।

4. आयात लाइसेंस का मूल्य ।

5. प्राप्त धनवापसी की राशि ।

6. धनवापसी किस प्रकार की थी (संक्षिप्त ब्यौरा दें)

7. सम्बद्ध दस्तावेज जिसके अन्तर्गत यू० के० संभरक को प्रारम्भिक भुगतान किये गये थे उनका संदर्भ (वित्त मंत्रालय को दस्तावेज प्रेषित करते हुए भारतीय बैंक की पत्र संख्या और दिनांक के संदर्भ का संकेत करें) ।

8. क्या प्राप्त की गई धनवापसियां माल के अदला-बदली के लिये प्रयोग की जानी है, या नहीं यदि नहीं तो पुष्टि करें कि राशि वास्तव में प्राप्त कर ली गई है और उसे रुपये में भुना लिया गया है ।

9. टिप्पणी ।

आयात करने वाली फर्म के प्राधिकृत अधिकारी के
हस्ताक्षर

बी०डी० कुमार,
मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात ।

PRINTED BY THE MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1974